**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**22.10.2025/प्रादेशिक समाचार/1945 बजे**

## "आज के मुख्य समाचार"

- शिमला सहित देश के विभिन्न स्थानों पर 24 अक्तूबर को होगा रोजगार मेले का आयोजन– नवनियुक्त युवाओं को दिए जाएंगे नियुक्ति पत्र।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप– राज्य सरकार की नाकामी से उद्घाटन के 9 महीने बाद भी बीड़ बिलिंग में शुरू नहीं हो पाया पैराग्लाईडिंग स्कूल।
- जी.एस.टी. दरों में कटौती से चंबा रूमाल के कारीगरों को हुआ लाभ– चंबा रूमाल की मांग बढ़ीं।
- कुल्लू में उल्लास के साथ मनाया गया अन्नकूट पर्व– भगवान रघुनाथ जी को लगाया गया नई फसल का भोग।

**अब समाचार विस्तार से..........**

## रोजगार मेला

देशभर में 24 अक्तूबर को 17वें रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभिन्न प्रतिष्ठानों में नवनियुक्त युवाओं को संबोधित करेंगे। राजधानी शिमला में ये कार्यक्रम बैम्लोई स्थित केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान केन्द्रीय उपभोक्ता मामले और सामाजिक न्याय व आधिकारिता राज्य मंत्री बी.एल.वर्मा युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। देशभर में रोजगार मेलों के माध्यम से अबतक 10 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र जारी किए जा चुके हैं। ये नियुक्तियां केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में हो रही हैं।

## भारत–नवीकरणीय ऊर्जा

देश की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह वर्ष 2014 के 35 गीगावाट की तुलना में पांच गुणा से अधिक बढ़कर एक सौ 97 गीगावाट हो गई है। बड़े जल विद्युत प्रतिष्ठानों से उत्पादित बिजली इसके अतिरिक्त है। केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने बताया कि सरकार ने वर्ष 2030 तक पांच सौ गीगावाट गैर–जीवाश्म ऊर्जा का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। मंत्रालय ने कहा कि भारत की नवीकरणीय ऊर्जा वृद्धि दर विश्व की सबसे तेज दरों में है।

**पठानिया**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि दूर–दराज ईलाकों में संपर्क सड़क, सुचारू पेयजल आपूर्ति और निर्बाध विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहें है। वे आज चंबा जिले में भटियात विधानसभा क्षेत्र के जंद्रोग में नवनिर्मित पंचायत भवन के लोकार्पण अवसर पर बोल रहे थे। मानसून के दौरान आपदा से हुए नुकसान की चर्चा करते हुए पठानिया ने कहा कि राज्य सरकार अपने संसाधनों से आपदा प्रभावितों को हर संभव सहायता उपलब्ध करवा रही है। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में सड़क निर्माण की गति बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 12 सड़क परियोजनाओं को अनुमोदन के लिए भेजा गया है।

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि राज्य सरकार की नाकामी के चलते कांगड़ा जिले के बीड़ बिलिंग में राष्ट्रीय पैराग्लाईडिंग स्कूल उद्घाटन के 9 महीने बाद भी बंद पड़ा है। एक बयान में उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की स्वदेश दर्शन योजना के तहत पूर्व सरकार ने 8 करोड़ रूपए की लागत से इस स्कूल का निर्माण किया था। जयराम ठाकुर ने कहा कि इस स्कूल के शुरू होने से न केवल हर वर्ष सैकड़ों प्रशिक्षित पायलट तैयार कर उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनूरूप लाईसेंस प्रदान किए जा सकेंगे बल्कि निजी क्षेत्र में भी स्कूल खोले जाने के अवसर बनेंगे। उन्होंने कहा कि इससे बीड़ बिलिंग क्षेत्र की सूरत बदलने के साथ–साथ बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार प्राप्त होगा।

**जीएसटी–चंबा रूमाल**

केंद्र सरकार द्वारा जी.एस.टी. की दरों में की गई कटौती से चम्बा कढ़ाई के कारीगरों को काफी लाभ मिला है। जी.आई. टैग हासिल कर चुके चम्बा रुमाल की मांग जी.एस.टी. की दरों में हुई कटौती के बाद बढ़ी है। कच्चा माल सस्ता होने से चम्बा रुमाल की कीमत में कमी आई है जिससे इसकी मांग बढ़ी है वहीं इसे बनाने के कार्य में जुटे कारीगरों को भी लाभ पहुंचा है।

**भाईदूज–बधाई**

भाईदूज का पर्व कल मनाया जाएगा। ऐसे में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को भाईदूज की शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि भाईदजू का पर्व भाई–बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये पर्व भाई और बहन के बीच स्नेह और विश्वास को और मजबूत बनाने का संदेश देता है।

## शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला जिले में जुब्बल कोटखाई क्षेत्र के घुंडा भड़ेच और प्रगतिनगर में तीन करोड़ 26 लाख रूपए से बनी उठाऊ पेयजल योजना का लोकार्पण किया। एक जनसभा में उन्होंने कहा कि क्षेत्र में करीब 32 करोड़ रूपए की पेयजल योजनाएं निर्माणाधीन हैं। रोहित ठाकुर ने बताया कि पब्बर नदी से 38 करोड़ रूपए की लागत वाली निर्माणाधीन उठाऊ पेयजल योजना का कार्य इस वित्त वर्ष के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने घुंडा बडेच में पंचायत भवन का भी शिलान्यास किया।

## फ्लाइंग फैस्टिवल

शिमला के समीप जुन्गा में तीसरा पैराग्लाईडिंग फ्लाइंग फैस्टिवल 25 से 28 अक्तूबर तक आयोजित होगा। इस फैस्टिवल में विभिन्न देशों के पैराग्लाईडर भाग लेंगे, जिनमें 15 विदेशी और 70 भारतीय पैराग्लाईडर शामिल हैं। फ्लाईंग फैस्टिवल के निदेशक अरूण रावत ने आज शिमला में पत्रकार सम्मेलन में बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में साहसिक खेलों का बढ़ावा देना और पर्यटकों को आकर्षित करना है।

शिमला फ्लाइंग फैस्टिवल के दौरान प्रदेश के पारंपरिक उत्पदों व व्यंजनों की बिक्री और प्रदर्शनी के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

## अन्नकूट

कुल्लू के सुल्तानपुर स्थित भगवान रघुनाथ जी के मंदिर में अन्नकूट पर्व आज श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। ये पर्व दीपावली का त्यौहार सम्पंन होने के बाद मनाया जाता है। अन्य स्थानों पर इस पर्व को जहां गोवर्धन पूजा के रूप में मनाया जाता है वहीं कुल्लू में इसे अन्नकूट पर्व के रूप में मनाने की परंपरा है। आज के दिन नई फसल को भगवान रघुनाथ जी को चढ़ाया जाता है। भगवान रघुनाथ जी के छड़ी बरदार महेश्वर सिंह ने बताया कि इस परंपरा को निभाने के बाद नई फसल के चावलों को भोग के रूप में मंदिर में वितरित किया गया।

## शोक

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने 13वीं डोगरा रेजिमेंट में फैजाबाद में तैनात 40 वर्षीय नायक सुशील कुमार के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया है। सुशील कुमार सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के पन्याला गांव के निवासी थे। उन्होंने कहा कि शोक संतप्त परिजनों को राज्य सरकार द्वारा हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

## **"अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर"**

- शिमला सहित देश के विभिन्न स्थानों पर 24 अक्तूबर को होगा रोजगार मेले का आयोजन– नवनियुक्त युवाओं को दिए जाएंगे नियुक्ति पत्र।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप– राज्य सरकार की नाकामी से उद्घाटन के 9 महीने बाद भी बीड़ बिलिंग में शुरू नहीं हो पाया पैराग्लाईडिंग स्कूल।
- जी.एस.टी. दरों में कटौती से चंबा रूमाल के कारीगरों को हुआ लाभ– चंबा रूमाल की मांग बढ़ी।
- कुल्लू में उल्लास के साथ मनाया गया अन्नकूट पर्व– भगवान रघुनाथ जी को लगाया गया नई फसल का भोग।

...............................................................................................